महिला महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन एक से

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के बाद शहर के प्रमुख एडेड महिला महाविद्यालयों ने भी अपने यहां पर आवेदन को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

यूजी व पीजी कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया के लिए जारी किया नोटिफिकेशन

अमीनाबाद स्थित महिला डिग्री कॉलेज और चारबाग स्थित एपीसेन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्रवेश के लिए आवेदन एक अप्रैल से शुरू होंगे। बोर्ड परीक्षाओं के संपन्न होने के बाद छात्राएं स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए योजना बना रही हैं। ऐसे में सभी महिला कॉलेजों में आवेदन से संबंधित प्रक्रिया पूरी हो गई है।

एपीसेन डिग्री कॉलेज

चारबाग स्थित एपीसेन डिग्री कॉलेज में स्नातक और परास्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया एक अप्रैल से शुरू होगी। प्राचार्य प्रो. रचना श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन शुल्क 500 रुपये है, अभ्यर्थी www.apsencollege.org पर आवेदन कर सकेंगी। साथ ही एलयूआरएन पोर्टल पर अभ्यर्थी को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। यहा बीए में 475 सीटें, बीकॉम में 80 सीटें और पीजी के पांच विषयों में 120 सीटें हैं।

महिला महाविद्यालय डिग्री कॉलेज

अमीनाबाद स्थित महिला महाविद्यालय डिग्री कॉलेज में आवेदन प्रक्रिया एक अप्रैल से शुरू होगी। प्राचार्य प्रो. निशा गुप्ता ने बताया कि छात्राएं कॉलेज की वेबसाइट www.mahilavidyalaya.com पर आवेदन कर सकेंगी। ऑफलाइन फॉर्म भी मिलेंगे जिनका शुल्क 700 रुपये है। कॉलेज में बीए की 900, बीएससी 480, बीकॉम की 160 सीटें हैं।

■ **महामाया राजकीय महाविद्यालय :** महोना स्थित महामाया राजकीय महाविद्यालय में आवेदन अप्रैल के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित हैं। प्राचार्य प्रो. शेहला नुसरत किदवई ने बताया कि प्रवेश के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों व्यवस्थाएं हैं। फॉर्म शुल्क सौ रुपये है, इसके अलावा अभ्यर्थी को एलयूआरएन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी कराना होगा। कॉलेज में बीए की 420 सीटें, बीएससी में 120 सीटें और कॉमर्स में 60 सीटें हैं। प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा।

■ **नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज :** कैसरबाग स्थित नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में आवेदन तीन अप्रैल से शुरू होंगे। प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा ने बताया कि छात्राएं महाविद्यालय की वेबसाइट www.narishikshaniketanpgcollege.com पर आवेदन कर सकेंगी। प्रवेश शुल्क 800 रुपये है, आवेदन संग एलयूआरएन का रजिस्ट्रेशन भी जरूरी होगा। कॉलेज में बीए की 560, बीकॉम 80 और बीएससी की 100 सीटें हैं।

सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पीजी कॉलेज

अलीगंज स्थित सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला पीजी कॉलेज में आवेदन प्रक्रिया 5 अप्रैल से शुरू होगी। प्राचार्य प्रो. अनुराधा तिवारी ने बताया कि अभ्यर्थी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन nscbonline.in पर कर सकेंगी। आवेदन शुल्क 500 रुपए निर्धारित है। महाविद्यालय में बीए में 600, बीकॉम में 120 और बीएससी में 120 सीटें हैं। महाविद्यालय में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ही सभी सीटों पर दाखिला होगा।